तेज ठंड ने दी रबी फसल को नई ऊर्जा

▶ गेहूं-मटर की बुवाई रफ्तार पकड़ने लगी

नवभारत बेलखाडू (जबलपुर)। बेलखाडू व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों रबी सीजन की बुवाई पूरी रफ्तार पर है। खेतों में गेहूँ और मटर की बुवाई जमकर चल रही है। किसानों के मुताबिक बीते महीने हुई असामान्य और तेज बारिश के कारण रबी सीजन लगभग 15-20 दिन लेट हो गया था। कई किसान समय पर खेत तैयार नहीं कर पाए थे, जिससे उनकी बुवाई भी पीछे चली गई। इसी बीच मौसम ने अचानक करवट ली और तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई।

फाइल फोटो

गेहूं और मटर को सबसे अधिक फायदा

मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेंट्रीग्रेट तथा अधिकतम 21 डिग्री रहा है। देर शाम से सुबह तक गिरने वाली ओस की बूंदे रबी फसलों जैसे गेहूं , मटर, चना, धनिया, और सरसों के लिए अमृतमय होंगी , ये ओस की बूंदे पड़ने से खेतों में नमी बनी रहेगी, जो बुवाई के दौरान बीज को अंकुरित करेगी , ठंड बढ़ने का सबसे अधिक फायदा गेहूँ और मटर की फसल को मिल रहा है। इस बार बेलखाडू क्षेत्र में रिकॉर्ड गेहूं एवं मटर उत्पादन की संभावनाएं है ।

मटर में फूल झड़ने की समस्या कम

साथ ही कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि बढ़ी ठंड से गेहूँ में टिलरिंग (नए तने) बेहतर होती है और पौधों की ग्रोथ मजबूत रहती है। वहीं मटर में फूल झड़ने की समस्या कम होती है और फली बनना अधिक होता है। ठंड के कारण फसलों में कीटों की सक्रियता भी कम हो जाती है, जिससे उत्पादन पर सकारात्मक असर पड़ता है।

इनका कहना है

मौसम साफ होने से एक ओर ध्यान के लिए अच्छा है वहीं अत्यधिक ठंड के मौसम से गेहूं, चना एवं मटर की फसल को बहुत फायदा है। क्योंकि ठंड का टेंप्रेचर 10 डिग्री के नीचे जाने लगा है।

नीरज पटेल, किसान भर्रा

चना ,गेहूं ओर मटर के लिए तेज ठंड पड़ना जरूरी है ओस की बूंदे से खेत गीले रहते है जो सिंचाई की आवश्यकता की पूर्ति करते है । मौसम अनुकूल रहा तो फसलों की पैदावार अच्छी होगी और किसान अच्छा मुनाफा कमा पाएंगे।

मोनू ठाकुर, किसान सरोद

मैंने गेहूं ओर मटर दोनों फसल की बुवाई की हैं दो दिन से तापमान में गिरावट है जो फसलों के लिए लाभदायक है बीज अंकुरित होकर बाहर पौधें के रूप में विकसित होंगे ।इस बार अच्छे उत्पादन की संभावना है ।

जितेंद्र पटेल, किसान बरुआ भमका

मझौली नगर परिषद में नहीं दी जा रही जानकारी

▶ सार्वजनिक हैंडपंप चोरी, नगर परिषद जवाब देने में नाकाम

नवभारत, मझौली (जबलपुर)। एक ओर नगर परिषद मझौली नागरिकों को संदेश दे रही है —जल ही जीवन है, नलों में टोंटी लगवाएँ, जल व्यर्थ न बहाएँ दूसरी ओर नगर के ही सार्वजनिक हैंडपंप गायब हो रहे हैं — और उनके रखरखाव व चोरी हुए मटेरियल की जानकारी तक विभाग के पास उपलब्ध नहीं है। नगर परिषद द्वारा जारी विज्ञापन में जल संरक्षण, स्वच्छता और कर अदायगी को लेकर जागरूकता संदेश दिए गए हैं। परंतु जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट दिख रही है। जब सार्वजनिक पानी के साधन ही सुरक्षित नहीं, तो टोंटी लगाने का नारा किसके लिए? कई वार्डों में लगे सार्वजनिक हैंडपंप चोरी हो चुके हैं, कुछ जर्जर हालत में पड़े हैं —लेकिन नगर परिषद मझौली का पीएचई विभाग यह तक बताने की स्थिति में नहीं कि:चोरी हुए हैंडपंप किन वार्डों से गायब हुए। इनका रखरखाव कौन कर रहा था। चोरी हुए पाइप/मटेरियल की कीमत कितनी है। एफआईआर हुई या नहीं।

जिम्मेदारी किसकी तय होगी। पेयजल संकट वाले वार्डों में लोगों को टैंकर या निजी साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार, जिन हैंडपंपों पर नगर की बड़ी आबादी निर्भर थी — वह अब अस्तित्व में ही नहीं है।

नागरिकों का कहना है कि— पहले सार्वजनिक संसाधन तो सुरक्षित करिए, पानी तो उपलब्ध कराइए, फिर हमसे जिम्मेदारी की बात करिए! सूचना का अधिकार के तहत जब चोरी हुए हैंडपंप और मटेरियल की जानकारी मांगी गई, तो विभाग स्पष्ट जवाब देने में असफल रहा — जिससे पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

अपनों ने ठुकराया तो मद्दगार बनकर पहुंची गरीब नवाज कमेटी

▶ इंसानियत, भाईचारे की मिसाल पेश कर कराया अंतिम संस्कार

जबलपुर । बीमारी के चलते एक युवक ने फुटपाथ पर दम तोड़ दिया। इसकी जानकारी परिजनों को दी गई तो उन्होनें आने से साफ इंकार कर दिया। जिसके बाद गरीब नवाज कमेटी के सदस्य मददगार बनकर पहुंचे और इंसानियत, भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए तिलवारा मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार हिन्दू रीति रिवाज से कराया।

गरीब नवाज कमेटी के इनायत अली ने बताया कि लाला चौधरी 45 वर्ष पिता शिवलाल चौधरी निवासी रांझी बड़ा पत्थर का गोल बाजार में खाने की दुकान में काम करता था और वही फुटपाथ में अपना जीवन यापन करता था। काफी दिनों से बीमार चल रहा था। बीती रात उसकी बीमारी के चलते मौत हो गई। जिसकी जानकारी ढाबे संचालक ने मृतक के परिवार को दी। मृतक के परिवार जनों ने आने से इंकार कर दिया। जिसके बाद ढाबे संचालक द्वारा मृतक की जानकारी थाना लार्डगंज व गरीब नवाज कमेटी को दी गइ। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को गरीब नवाज कमेटी को सौंप दिया जिसके बाद तिलवारा मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार हिन्दू रीति रिवाज से गरीब नवाज कमेटी द्वारा कराया गया। इस दौरान गरीब नवाज कमेटी के बाबू, युसुफ मालगुजार,रियाज अली, दीपक निगम, आदिल अन्य उपस्थित रहे।

मुख्य स्टेशन परिसर पर हुई सघन चेकिंग

जबलपुर, नवभारत। जीआरपी थाने से मिली जानकारी अनुसार विगत 06 दिसंबर 1992 को अयोध्या में विवादित ढांचा गिराया गया था, जिसे लेकर प्रतिवर्ष इस दिन को हिन्दू संगठनों द्वारा शौर्य दिवस एवं मुस्लिम संघठनों द्वारा काला दिवस मनाया जाता है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य एवं पिछले कुछ समय से हो रही आतंकवादी, अवगाववादी, साम्प्रदायिक घटनाओ एवं 10 नवंबर को दिल्ली में हुए बम विस्फोट की घटना आदि के दृष्टिगत रखते हुए 06 दिसंबर को विशेष सतर्कता एवं सावधानी बरतते हुए जबलपुर रेलवे स्टेशन के क्षेत्राधिकार के संवेदनशील क्षेत्रों जैसे पार्किंग एरिया, मुसाफिरखाना, यात्री ट्रेनों में आरपीएफ एव रेलवे विभाग से समन्वय कर डॉग स्कॉट एचएचएमडी से सघन चौकिंग कराई गई। चेकिंग के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नहीं पाया गया था।

In The Court Of II Additional Principal Judge Family Court, District Court, Jabalpur
Presiding Officer : दिनेश कुमार सिंह
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS HM 1391/2025)

खुशबू रजक
Vs
सोनू रजक — प्रो.क्र. -17/2025 पेशी दिनांक :- 22/01/2026

प्रेषिती-
सोनू रजक पिता टीकाराम रजक पेशा प्रायवेट नौकरी निवासी - ग्राम आमा हिनौता, थाना भेडाघाट तह. व जिला जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी खुशबू रजक ने आपके विरुद्ध धारा 13-ए हिंदु विवाह अधिनियम 1955 के लिए वाद संस्थित किया है जिसकी पेशी दिनांक 22/01/2026 को 11 बजे है।, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 03/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया हैं।

न्यायालय की मुद्रा — **न्यायाधीश (डी.के. सिंह)**

सील — **द्वितीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, जबलपुर (म.प्र.)**

कृपया ध्यान दें:- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

आम सूचना

मैं अपने पक्षकारगण के निर्देशानुसार यह आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ कि मेरे पक्षकारगण श्रीमति पुष्पा समैया पति स्व. वीरेन्द्र समैया, शरद समैया पिता स्व. वीरेन्द्र समैया दोनों नि.- 1481, हनुमानताल वार्ड, श्रीमति मीना समैया पति स्व. संतोष समैया, सौरभ समैया पिता स्व. संतोष समैया दोनों नि.- गंगोत्री अपार्टमेंट गोलबाजार जबलपुर एवं शोभित समैया पिता स्व. वीरेन्द्र समैया नि.- खुशी प्लाजा नेपियरटाउन जबलपुर के द्वारा बहुमंजिला सम्पत्ति जिसका नगर निगम नंबर नया 830 पुराना 810, 845, 845/1, 845/2 का भाग नजूल ब्लॉक नं. 50 नजूल प्लाट नं. 159 का रकवा 2350 वर्गफुट तीन मंजिला बिल्डिंग जो कि पुराना जवाहरगंज वार्ड नया महात्मा गांधी वार्ड नं. 25 घमंडी चौक, बड़ा फुहारा तह. व जिला जबलपुर में स्थित है को विक्रेतागण राजकमल अग्रवाल पिता स्व. जीवन लाल अग्रवाल नि.- मोनटोकार्लो अपार्टमेंट नेपियरटाउन, अशोक अग्रवाल पिता स्व. जीवन लाल अग्रवाल नि.- म.नं. 810 जवाहरगंज एवं प्रवीण, पवन, पंकज अग्रवाल पिता स्व. रामनारायण अग्रवाल एवं हर्ष, शालीन एवं गौतम अग्रवाल पिता स्व. हीरा लाल अग्रवाल सभी 6 नि.- 292/93, नेपियरटाउन जबलपुर वालों से उपरोक्त संपत्ति को क्रय करने का सौदा कर लिया गया है। मेरे पक्षकारगण उपरोक्त संपत्ति को क्रय करने हेतु किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से ऋण प्राप्त कर संपत्ति की रजिस्ट्री निकट भविष्य में होना तय कर रहे है। जिस किसी आम या खास को व किसी वित्तीय संस्था/ साहूकार/ महाजन/ बैंक/ सरकारी संस्था अथवा प्रायवेट संस्था या अन्य किसी रिश्ते नातेदार या आमजन या इस संपत्ति में कोई प्रकरण किसी भी न्यायालय में लंबित हो या किसी को कोई उजर/ दावा/ आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालीन समय में मय दस्तावेजी साध्य सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति की रजिस्ट्री बैनामा अपने पक्ष में उपपंजीयक कार्यालय जबलपुर में निष्पादित करा लेगा, तत्पश्चात् किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी। जबलपुर दिनांक 07.12.2025

भवदीय- **अदम्य बाजपेयी अधिवक्ता**
ऑ.-401, श्री सार्थक अपार्टमेंट, जी.एस. कॉलेज के बगल में, साउथ सिविललाइन्स, जबलपुर मो.- 9926902299

सब जेल सिहोरा में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

सिहोरा, नवभारत। विश्व एड्स दिवस पखवाड़े के अंतर्गत 6 दिसंबर को जागृति युवा मंच समिति (टीआई) द्वारा सब जेल सिहोरा में एचआईवी एवं सिफलिस जागरूकता तथा स्क्रीनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 79 बंदियों की जाँच की गई और सभी रिपोर्ट नॉन-रिएक्टिव रहीं। परियोजना प्रबंधक मनीषा पटेल ने HIV/AIDS संबंधी सही जानकारी व भेदभाव न करने पर जोर दिया, जबकि पीयर अब्दुल, सत्तार और तुषार ने जागरूकता के महत्वपूर्ण संदेश साझा किए। जेल इंटरवेंशन नितेश लखेरा ने संक्रमण से जुड़ी भ्रांतियाँ दूर कीं और जेलर दिलीप नायक ने एक्ट 2017 के तहत गोपनीयता व समान अधिकारों पर बल देते हुए स्क्रीनिंग की अनुमति दी। कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा बन्दियों को बैडमिंटन किट भेंट की गई। कार्यक्रम में फार्मासिस्ट रोशनी गौर, जय किशन केवट, काउंसलर आयुषी ताम्रकार, आउटरीच स्टाफ प्रेमशंकर पनोरिया, नितेश शाहू, अब्दुल रहीम, सत्तार, तुषार, तथा समाजसेविका आयुषी साहू सहित पूरी टीम की उपस्थिति रही।

एटीएम उखाड़ने की वारदात के बाद अचानक थाने पहुंचे एसपी, लगाई फटकार

▶ गश्त बढ़ाने, लंबित प्रकरणों के निकाल के दिए निर्देश

जबलपुर। गोसलपुर थाना अंतर्गत बस स्टैंड स्थित पाठशाला परिसर में गुरूवार-शुक्रवार की दरमियानी 1:30 बजे से 2 बजे हथियारों से लैस डकैतों ने एसबीआई बैंक के दो एटीएम को निशाना बनाया था जिसमें से एक एटीएम मशीन को गैस कटर से काटकर पिकअप वाहन में ले जाने का प्रयास किया गया था । इस वारदात के बाद पुलिस अधीक्षक शनिवार को गोसलपुर थाने पहुंचे। इस दौरान लंबित प्रकरणों समेत अन्य खामियां देखकर जमकर फटकार लगाई। इसके साथ ही गश्त बढ़ाने, लंबित प्रकरणों के निकाल संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान एसपी ने हवालात, मालखाना, जप्ती माल, आर्म्स एम्यूनेशन, राईट ड्रिल सामग्री व संधारित किये जाने वाले रजिस्टरों को चैक किया। सीएम हैल्प लाईन एवं जनसुनवाई की शिकायतों का संतुष्टीपूर्ण निकाल करने निर्देश दिए। उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों से कहा कि किसी भी प्रकार की यदि कोई समस्या है तो तत्काल बताएं आपकी समस्या का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जावेगा।

थाने के निरीक्षण उपरांत आपने थाने के बाहर परिसर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी एसडीओपी सिहोरा, उप पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमति आकांक्षा उपाध्याय, थाना प्रभारी गोसलपुर श्रीमति गाजीवति पुसाम, उपस्थित रहे।

सिहोरा जिला आंदोलन , राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व प्रचारक का अन्न सत्याग्रह शुरू

▶ 9 दिसंबर से अन्न-जल त्याग का ऐलान, प्रशासन पर बढ़ा दबाव

सिहोरा, नवभारत। सिहोरा को जिला बनाए जाने की मांग अब निर्णायक संघर्ष में बदल चुकी है। शनिवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व प्रचारक प्रमोद साहू द्वारा अन्न त्याग - अन्न सत्याग्रह की शुरुआत के साथ आंदोलन ने उग्र रूप ले लिया। इससे पूर्व काल भैरव चौक मंदिर में सद्बुद्धि यज्ञ किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर सरकार-प्रशासन को सद्बुद्धि देने की कामना की। उधर, पुराने बस स्टैंड स्थित धरना स्थल पर चौथे दिन भी क्रमिक भूख हड़ताल पूरी ताकत से जारी रही। इस हड़ताल में मुस्लिम समाज के लोगों ने बैठकर खुला समर्थन दिया, जिससे यह साफ संकेत मिला कि सिहोरा जिला आंदोलन अब किसी एक वर्ग का नहीं, बल्कि पूरे समाज का आंदोलन बन चुका है। शहरभर में जिला नहीं बनाए जाने को लेकर जबरदस्त जनाक्रोश देखने को मिला। आंदोलनकारियों ने साफ कहा कि सरकार लगातार सिहोरा की अनदेखी कर रही है और अब जनता हर त्याग के लिए तैयार है। आंदोलनकारियों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो 9 दिसंबर से अन्न के साथ जल का भी त्याग कर आमरण सत्याग्रह किया जाएगा। यह संघर्ष तब तक चलेगा, जब तक सिहोरा को उसका हक़—जिला—नहीं मिल जाता। धरना स्थल पर लगातार बढ़ती भीड़ और सभी समाजों की हिस्सेदारी ने प्रशासन की नींद उड़ा दी है। आंदोलन अब सरकार की परीक्षा और जनता के सम्मान का सवाल बन चुका है।

नाम सुधार सूचना

मैं मोहम्मद नदीम मकरानी उम्र 47 वर्ष पिता करीम बक्श निवासी 214/4, अजीम किराना के सामने, भानतलैया जबलपुर म.प्र. शपथ पूर्वक ये कथन करता हूँ कि :- यह कि मेरा पूर्व में मेरा नाम मोहम्मद नदीम (Mohammad Nadeem) पिता करीम बक्श लिखा और पढ़ा जाता था। यह कि मेरा पूरा नाम मोहम्मद नदीम मकरानी (Mohammad Nadeem Makrani) पिता करीम बक्श है जो कि मेरा सही नाम है और यही नाम से मुझे भविष्य में जाना एवं पहचाना जाए।

पूर्व नाम :- मोहम्मद नदीम
वर्तमान नाम :- मोहम्मद नदीम मकरानी
पता 214/4, अजीम किराना के सामने, भानतलैया जबलपुर म.प्र.

सेन्टर फॉर हायर स्टडीज एण्ड रिसर्च फॉर ए.ए. एण्ड एच. एजूकेशन बी.एड एवं एम.एड. कालेज, नीमखेड़ा गौर तिराहा जबलपुर म.प्र.

आवश्यकता है

विश्वविद्यालय कोड 28 के तहत एन.सी.टी.ई. यू.जी.सी., म.प्र. शासन के आरक्षण नियमानुसार इस महाविद्यालय में संचालित बी. एड. एवं एम.एड. पाठ्यक्रम शिक्षा के संकाय में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है। अंतिम तिथि विज्ञापन तिथि से 15 दिवस तक है।

क्र.	पद संख्या	पद नाम	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता
01	09	सहायक प्राध्यापक	एन.सी.टी.ई. के नियमानुसार एम एड उपाधि एवं संबंधित विषय में स्नात्तकोत्तर 55 प्रतिशत वांछनीय पी.एच.डी/नेट

नोट :- (1) आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति दो फोटों दो सेट में जमा करें। (2) सेवा शर्ते वेतन आदि कालेज कोड 28 के अन्तर्गत (3) पद संख्या आवश्यकतानुसार परिवर्तित की जा सकती है।

पता :- प्रशासनिक कार्यालय 138, डिलाईट टॉकिज कैम्पस, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर अधिक जानकारी हेतु महाविद्यालय फोन 9713561012, 0761-4218091 में संपर्क करें।

प्राचार्य

महात्मा गांधी बी.एड. कालेज, सालीवाड़ा गौर तिराहा जबलपुर म.प्र.

आवश्यकता है

विश्वविद्यालय कोड 28 के तहत एन.सी.टी.ई.यू.जी.सी., म.प्र. शासन के आरक्षण नियमानुसार इस महाविद्यालय में संचालित बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है। अंतिम तिथि विज्ञापन तिथि से 15 दिवस तक है।

क्र.	पद संख्या	पद नाम	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता
01	05	सहायक प्राध्यापक	एन.सी.टी.ई. के नियमानुसार एम एड उपाधि एवं संबंधित विषय में स्नात्तकोत्तर 55 प्रतिशत वांछनीय पी.एच.डी/नेट

नोट :- आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति दो फोटो दो सेट में जमा करे। (1) सेवा शर्ते वेतन आदि कालेज कोड 28 के अन्तर्गत 2 (3) पद संख्या आवश्यकतानुसार परिवर्तित की जा सकती है।

पता :- प्रशासनिक कार्यालय 138, डिलाईट टॉकिज कैम्पस, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर अधिक जानकारी हेतु महाविद्यालय फोन 9713561012, 0761-4218091 में संपर्क करें।

प्राचार्य

रायपुर में होगा रोटरी का छह साल बाद डिस्ट्रिक्ट सम्मेलन

नवभारत, जबलपुर। छह साल बाद रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 का वार्षिक सम्मेलन संगम मित्रों का 20-21 दिसंबर 2025 को रायपुर में आयोजित होगा। यह जानकारी डिस्ट्रिक्ट सचिव रोटे अजित खंडेलवाल और मीडिया अध्यक्ष रोटे नितिन जैन ने दी। सम्मेलन का आयोजन रोटरी क्लब धमतरी के तत्वावधान में प्रांतपाल रोटे अमित और प्रथम महिला प्रांतपाल रोटे पल्लवी जायसवाल के नेतृत्व में होगा। अध्यक्ष रोटे मनीष मित्तल, सचिव रोटे अर्पित जैन, कोषाध्यक्ष रोटे सुनील अग्रवाल, सहायक प्रांतपाल रोटे कमल सेठी और सिटी समन्वयक रोटे पायल अजय गोयल के साथ 100 रोटरी दम्पति धमतरी से रायपुर पहुंचेंगे। सम्मेलन में देशभर से 1000 से अधिक रोटेरियन सपरिवार शामिल होंगे।

कोचिंग से घर नहीं लौटी रेल्वे टेक्निशियन की बच्ची

जबलपुर। घमापुर थाना अंतर्गत बजरंग कॉलोनी रेल्वे क्वाटर में रहने वाले रेलवे में पदस्थ टेक्निशयन की नाबालिग बेटी कोचिंग से घर नहीं लौटी। परिजनों ने पहले तो अपने स्तर पर खोजबीन की लेकिन जब उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा तो उन्होंने थाने पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक बजरंग कॉलोनी रेलवे क्वाटर में रहने वाले रेलवे में पदस्थ टेक्निशियन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बेटी कक्षा 8वी में पढती है। चुंगी चौकी में बेटी को कोचिंग में पढने के लिये छोड़ कर घर चला गया था। जब बेटी को वापिस लेने पहुंचा तो नहीं मिली। कोचिंग पढ़ाने वाले सर से बात किया तो बताये कि कोचिंगछूटने के बाद बेटी चली गई थी। दोस्तों के साथ आस पास तलाश किया लेकिन पता नही चला।

कार्यालय अधिष्ठाता, बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल (म.प्र.)

E-mail-deanshahdol@gmail.com Phone no-07652-243000 Website WWW.GMCSHAHDOL.ORG

क्रमांक/15162/टेंडर/बी.एम.जी.एम.सी. /2025-26 शहडोल, दिनांक 01/12/2025

बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में मेडिकल ऑक्सीजन, कार्बन डाई ऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड, फायर सिलेण्डर के रिफिलिंग एवं क्रय किये जाने हेतु ई - निविदा सूचना

बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में मेडिकल ऑक्सीजन, कार्बन डाई ऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड, फायर सिलेण्डर के रिफिलिंग एवं क्रय किये जाने हेतु निविदा MP E-TENDER के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक निविदाकार अंतिम दिनांक 24.12.2025 शाम 4.00 बजे तक MP E-TENDER के माध्यम से ऑनलाईन ई-निविदा जमा कर सकते हैं।

निविदा के संबंध में अधिक जानकारी एवं अपलोड करने की प्रक्रिया www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिष्ठाता
बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल (म.प्र.)

जी.- 22333/25
बच्चों की मुस्कान हैं अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल

कार्यालय अधीक्षक रानी दुर्गावती चिकित्सालय जबलपुर म.प्र
पता मालगोदाम चौक के पास साउथ सिविल लाईन जबलपुर टेलिफोन नं 0761-2625622
web site www.elginhospital.com ई मेल elginhospitaljbp@gmail.com

क्रमांक/कय/2025/2564 जबलपुर,दिनांक 04.12.2025

||NOTICE INVITING TENDER||

FOR

Supply the Medical Oxygen Cylinder in the hospital

Superintendent Rani Durgawati Hospital Jabalpur (M.P.) invites below mention tenders online https://mptenders.gov.in bid from eligible service for Supply the Medical Oxygen Cylinder in the hospital as given document for the period from: Schedule of Events

S. N0	Tender Reference Number:	Tender ID	Publishing & Bid Submission Start Date*	pre Bid Meeting Date*	Bid Submission Closing Date*	Bid Opening Date*
1	7452	2025_DHS _466055_1	11.12.2025	17.12.25	30.12.2025	01.01.26

Superintendent
Rani Durgawati Hospital Jabalpur

G-22352/25 पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in की पर देखा जा सकता है। के लिये ऑनलाइन निविदायें हैं।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	PRO - 604 Date: 06/12/2025 2025_UAD_ 466524_1	जबलपुर नगर निगम के सुभाष चंद्र बनर्जी वार्ड क्र. 65 वार्ड अंतर्गत विभिन्न स्थानों में सड़क निर्माण का कार्य एवं अन्य कार्य। (CM Monit - A+)	4 माह / 29.63	5,000/- / 22230/-	07/01/2026
2.	PRO - 604 Date: 06/12/2025 2025_UAD_ 466524_2	जबलपुर नगर निगम के दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड क्र. 79 में वार्ड अंतर्गत प्रियदर्शनी कॉलोनी सड़क निर्माण का कार्य एवं अन्य कार्य। (CM Monit - A+)	04 माह / 21.47	5,000/- / 16106/-	07/01/2026
3.	PRO - 604 Date: 06/12/2025 2025_UAD_ 466524_3	जबलपुर नगर निगम के रानी लक्ष्मीबाई वार्ड क्र. 66 में वार्ड अंतर्गत विभिन्न स्थानों में सड़क एवं गार्डन के निर्माण कराये जाने का कार्य। (CM Monit - A+)	04 माह / 67.79	10,000/- / 50850/-	07/01/2026

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, जबलपुर

विज्ञापन पत्र क्रमांक/3812/व.ले.लि./का.यं./ लो.स्वा.यां./ खण्ड/2025 सिवनी, दिनांक 03/12/2025

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सिवनी (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं :-

निविदा सूचना क्र. / दिनांक	ई- टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक	कार्य का नाम	कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में)	कुल अमानती राशि (रू. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में.)	निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि	ऑन लाइन बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	समय अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
19/नि.प्र. /2025-26 दिनांक 26/11/2025	2025_PHED _464777_1	सिवनी जिले के विकासखण्ड सिवनी-1 के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों का मरम्मत, संचालन / संधारण एवं क्लोरीनेशन हेतु आवश्यक मजदूर एवं वाहन सहित उपलब्ध कराने का कार्य। समूह क्रमांक 01	9.03	18,060.00	2,000.00	22/12/2025	22/12/2025	365 दिवस (वषार्काल सहित)	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म/ठेकेदार
19/नि.प्र. /2025-26 दिनांक 26/11/2025	2025_PHED _464778_1	सिवनी जिले के विकासखण्ड सिवनी-2 के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों का मरम्मत, संचालन / संधारण एवं क्लोरीनेशन हेतु आवश्यक मजदूर एवं वाहन सहित उपलब्ध कराने का कार्य। समूह क्रमांक 02	11.02	22,040.00	2,000.00	22/12/2025	22/12/2025	365 दिवस (वषार्काल सहित)	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म/ठेकेदार

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सिवनी (म.प्र.)

जी.- 22338/25 बच्चों की मुस्कान हैं अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर